मुस्कानारिष्ट

☺ डॉक्टर–हर बार खाना खाने के एक घंटा पहले गर्म पानी अवश्य लेना।
☺ मरीज– जी डॉक्टर
(कुछ दिनों बाद)
☺ मरीज– डॉक्टर साहब, कुछ खास फर्क नहीं पड़ा है, पता क्या बात है?
☺ डॉक्टर– मैंने खाने के एक घंटा पहले गर्म पानी लेने को कहा था..
☺ मरीज– मैंने बहुत कोशिश की पर केवल पन्द्रह मिनट तक ही ले सका।

☺ सीनियर डॉक्टर–तुमने तो मरीज़ को ठीक कर दिया है, अब किस बात की चिंता कर रहे हो
☺ जूनियर डॉक्टर–इतनी गोलियों में से वो ठीक कौन सी गोली से हुआ?

महान विचार

☺ ☺ ☺

एक मनोवैज्ञानिक वह है, जो आपसे पैसे लेकर
आपके प्रश्नों के उत्तर देता है –
जो उत्तर आपकी पत्नि आपको मुफ्त में देती है।

☺ ☺ ☺

पुरूष महिलाओं से एक मामले में बेहतर हैं –
वे देर से शादी करते हैं और जल्दी मर जाते हैं।

☺ ☺ ☺

प्यार अंधा होता है –
शादी आँख खोलने वाली होती है।

☺ ☺ ☺

जब एक नव–विवाहित जोड़ा मुस्कुराता है –
सब जानते हैं।
जब एक दस साल का
शादीशुदा जोड़ा मुस्कुराता है –
सब आश्चर्य करते हैं।

☺ ☺ ☺

हम हमेशा हाथ पकड़कर चलते हैं –
हाथ छूटते ही वो शॉपिंग करने लगती है।

☺ ☺ ☺

नियमित झपकियाँ आपको बुढ़ापे से बचाती हैं,
विशेषकर जब आप गाड़ी चला रहे हों।

☺ ☺ ☺

एक संतान आपको माता– पिता बनाती है,
दो– रेफरी!

☺ ☺ ☺

शादी एक ऐसा संबंध है, जहाँ एक व्यक्ति हमेशा
सही होता है और दूसरा– 'पति'!

☺ ☺ ☺

अपना आयकर मुस्कुरा कर चुकाईये–
आयकर विभाग का विज्ञापन में मुस्कराया–
पर उन्हें पैसा चाहिए था।

☺ ☺ ☺

हर व्यक्ति को शादी करना ही चाहिए –
आखिर जिंदगी में सुख ही सब कुछ नहीं है!

संकलन–सौ. मुक्ता जोशी